हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, मंगलवार, 23 जनवरी 2024

तापमान
अधिकतम 16 .0 डिग्री
न्यूनतम 5 .5 डिग्री

श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में निकाली भव्य शोभायात्रा 10



नॉर्थ जोन बॉक्सिंग प्रतियोगिता में निधि व पूजा ने जीता कांस्य 10



## खबर संक्षेप

### नोट दिखे तो चाकू से किया जानलेवा हमला

**जींद।** शहर थाना पुलिस ने रामबीर कालोनी में दोस्त के भाई के जन्मदिन पर युवक पर चाकू से जानलेवा हमला करने के आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि दोस्त के पास रुपयों को देख कर लालच आ गया था। रामबीर कालोनी निवासी मयंक ने गत 20 को पुलिस को दी शिकायत मे बताया था।

### वाहन की टक्कर से गार्ड की मौत

**कैथल।** गांव चंदलाना में नेशनल हाइवे 152 डी पर टोल प्लाजा के पास अज्ञात वाहन चालक ने एक युवक को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव चंदलाना निवासी कुड़ा राम ने ढांड थाना में शिकायत दी कि वह नेशनल हाइवे 152डी पर गांव में बने टोल प्लाजा पर सुरक्षा गार्ड की नौकरी करता है।

### नकदी चोरी करने का आरोपित गिरफ्तार

**जींद।** शहर थाना नरवाना थाना पुलिस ने बीरबल नगर नरवाना में लगभग एक साल पहले फेरी लगा कर गर्म कपड़े बेचने वाले कश्मीरी व्यक्ति के कमरे से एक लाख 80 हजार की नगदी व अन्य सामान को चोरी के आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। जिला कुपवाडा कश्मीर निवासी प्रवेश ने पुलिस को शिकायत दी थी।

### मोटरसाइकिल चोरी का आरोपित दबोचा

**कैथल।** दोपहिया वाहन चोरों पर शिकंजा कसते सलेमपुर गांव से एक बाइक चोरी करने के मामले में एंटी थेप्ट टीम के एचसी अनिल कुमार की टीम द्वारा आरोपी कैलरम निवासी सीन्नु कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि कैलरम गांव निवासी सुनील कुमार की शिकायत अनुसार 12 जनवरी को अज्ञात व्यक्ति उसके घर से उसकी बाइक चोरी करके ले गया गया।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, अपहरण का केस

**जींद।** सदर थाना इलाका गांव से शादी से पूर्व युवती के नगदी के साथ घर से संदिग्ध हालात में गायब होने से परिजनों में हडकंप मच गया। युवती के परिजनों ने गांव के ही युवक पर संदेह जताया है। सदर थाना पुलिस ने फिलहाल मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सदर थाना इलाका गांव के एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी 19 वर्षीय बहन घर से गायब हो गई।

### पीएम विश्वकर्मा योजना हुनर को दिलाएगी पहचान

**कैथल।** डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि शिल्पकार व कारीगर समाज के नवनिर्माण में अपना बहुमूल्य सहयोग देते हैं। शिल्पकारों व कारीगरों के हुनर को सम्मान देते केंद्र सरकार की ओर से पीएम विश्वकर्मा योजना की शुरूआत की गई है जिससे शिल्पकारों व कारीगरों के हुनर को पहचान मिलेगी।

### सुने घर से लाखों के गहने ले उड़े चोर

**जींद।** सैक्टर छह में परिवार के लोग शादी मे गए हुए थे। पीछे से चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर सोना च चांदी के जेवरात, नगदी समेत लाखों रुपये कीमत का सामान चोरी कर लिया। सिविल लाइन थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कल शुरू होगा अंतर क्षेत्रीय युवा महोत्सव

**जींद।** युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम निदेशालय और सीआरएस विश्वविद्यालय की तरफ से तीन दिवसीय अंतर क्षेत्रीय युवा महोत्सव का आयोजन 24 जनवरी को सीआरएसयू में किया जाएगा। इसमें मुख्य संरक्षक कुलपति डा. रणपाल सिंह और संरक्षक कुलसचिव प्रो.लवलीन मोहन रहेंगी।









जींद। शहर में भगवान श्रीराम का गुणगान करते व कैथल में विधायक लीला राम दुर्गा भवन मंदिर में राम संकीर्तन में भाग लेते व जींद में भगवान श्रीराम के भजनों पर झूमते श्रद्धालु व श्री सनातन धर्म मंदिर में मंच पर विराजमान श्रीराम, लक्ष्मण और सीता बने नन्हें बालक। फोटो :हरिभूमि

## अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जींद-कैथल राममय

# लोगों ने अयोध्या से लाइव देखा प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम

## भगवा झंडो से रंगा शहर, जगह-जगह निकली शोभा यात्राएं, बंटा खीर व हलवे का प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अयोध्या में सोमवार को भगवान श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का भव्य आयोजन हुआ। आयोजन को लेकर जींद भी पीछे नही रहा और पूरा शहर राममय हो गया। शहर का कोई ऐसा चौक नही था जहां रामभक्तों व श्रद्धालुओं द्वारा भंडारे व प्रसाद वितरित न किया गया हो। शहरभर में पूरा दिन कहीं हलवे तो कहीं खीर का प्रसाद वितरित किया गया। इसके साथ ही शहर में भव्य शोभा यात्राएं भी निकाली गई। पूरा दिन जींद जय श्री राम के नारों से गुंजायमान रहा। अयोध्या से कार्यक्रम को लाइव दिखाने को लेकर जींद की अग्रवाल धर्मशाला में जहां बड़ी स्क्रीन लगाई गई वहीं विधायक आवास पर भव्य संक्रीर्तन का आयोजन किया गया। रात के समय शहर का ऐतिहासिक रानी तालाब भी दीयो की रोशनी से नहाया। जयति-जयति हिंदू महान संगठन व अन्य समाजिक संगठनों द्वारा यहां भव्य तरीके से दीपोत्सव मनाया गया। इसके अलावा शहर के सभी मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया । हालांकि कार्यक्रम को लेकर अयोध्या में न पहुंच पाने का लोगों को मलाल भी है लेकिन वो इस पल को ऐतिहासिक बनाने के लिए कोई कोर कसर नही छोड़ रहे हैं। अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह को भव्य तरीके से मनाने के लिए पूरा शहर भगवा रंग में रंग गया। शहर के व्यस्तम गोहाना रोड, सफीदों रोड, सफीदों गेट, रोहतक रोड, भिवानी रोड पर ध्वजाएं लगाई गई। इसके अलावा शोभा यात्राओं में पूरा दिन भगवान श्रीराम के जयकारे लगते रहे। जयति-जयति हिंदू महान संगठन के राष्ट्रीय संयोजक अतुल चौहान ने कहा कि 500 साल के अथक संघर्ष व बलीदानों के पश्चात यह शुभ दिन आया है कि अयोध्या में श्रीराम लला के विग्रह की टैंट से भव्य मंदिर में स्थापना हो रही है। यह हम सबके लिए बड़े सौभाग्य व खुशी का दिन है। हम सभी को यह दिन विशेष पर्व के रूप में मनाना चाहिए। रानी तालाब को दस हजार दीयो से जगमग किया गया है। इसके अलावा बस अड्डा के सामने जैन धर्मार्थ अस्पताल में ओपीडी बिल्कुल मुफ्त रही। श्री रामशरणम आश्राम गोहाना ने अर्बन एस्टेट स्थित अग्रवाल धर्मशाला में 20 फुट की एलईडी स्क्रीन लगाई गई। यहां अयोध्या से सीधा प्रसारण श्रद्धालुओं को लाइव दिखाया गया। इससे पहले हवन और फिर अमृतवाणी पाठ का आयोजन किया गया। आयोजक राकेश सिंगला ने बताया कि रामलला विराजमान कार्यक्रम को लेकर भंडारे का भी आयोजन किया । यहां श्रद्धालु श्रीराम भजनों पर जमकर झूमे। शहर का हर चौक श्रीराम मय में रंगा नजर आया। रानी तालाब पर स्थित आंबेडकर चौक, शिव चौक, पटियाला चौक, लाला लाजपतराय चौक, भगवान परशुराम चौक को भव्य तरीके से सजाया गया। समाजसेवी व धार्मिक संगठनों ने शहर में स्वच्छता अभियान भी चलाए।



जींद। भगवान श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लाइव देखते हुए श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि



जींद। भव्य नजर आ रहा जींद का रानी तालाब। फोटो :हरिभूमि

### डाकघर रोड चौक का श्रीराम के नाम से किया नामकरण

**उचाना।** अयोध्या में भगवान राम मंदिर मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के दिन राम लल्ला के रंग में उचाना रंगा नजर आया। शहर के प्रमुख बाजार के डाकघर रोड चौक का नाम भगवान राम के नाम से दुकानदारों ने रखा। यहां पर सुबह भंडारे का आयोजन करने के साथ-साथ मंदिर प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद आतिशबाजी करके खुशी जाहिर की। बाजारों को गुब्बारों से सजाया गया। पुलिस चौकी रोड पर दुकानों के आगे रामभक्त हनुमान की फोटो वाले झंडे लगाए गए। बाजार को देख कर एक बार तो ऐसा लग रहा था कि अयोध्या में ही पहुंच गए है। हर तरफ राम के नारों की गूंज सुनाई दे रही थी। अग्रोहा विकास ट्रस्ट इकाई के प्रधान सुरेश सिंगला ने बताया कि यहां पर दुकानदारों द्वारा देशी घी की जलेबी के साथ-साथ ब्रैरड पकोड़े भंडारे में बनाए। ऐसे ही डाकघर रोड दुकानदारों द्वारा भंडारे में हलवा, पूरी, सब्जी का प्रसाद दिया। महाराजा अग्रसेन मंदिर के सामने हवन किया गया। संदीप आर्य घोघड़िया ने कहा कि आज का दिन देश के लिए दीवाली के पर्व की तरह है। अब देश में दो दीवाली हर साल मनाई जाएगी। 22 जनवरी को भगवान राम अयोध्या में आ गए है। इस दिन को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह नजर आया। पुलिस चौकी, डाकघर रोड, पुरानी मंडी में हवन का आयोजन सभी ने मिलकर किया। उचाना कलां में रामकथा के बाद भंडारा लगाया गया। उचाना खुर्द में चल रही रामकथा सम्पूर्ण होने के बाद भंडारा लगाया गया। करसिंधु गांव में भी मंदिर में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन भंडारा ग्रामीणों द्वारा लगाया। डूमरखा कलां के प्राचीन शिव मंदिर में महंत प्रेमगिरी के सान्निध्य में भंडारा आयोजित हुआ। पाले राम श्योकंद ने बताया कि सभी ने सामूहिक रूप से मंदिर में भंडारा लगाया। पुरानी मंडी में तेरापंथ भवन में साध्वी लब्धि प्रभा द्वारा मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीरामचंद्र के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला।

### निकाली शोभायात्रा, जय श्रीराम के नारों से गूंजा शहर



**जींद।** जींद शहर में सोमवार को जयति-जयति हिंदू महान संगठन द्वारा भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। शोभा याद्धा में अनेक सामाजिक संगठनों के लोगों ने भाग लिया। शोभा यात्रा की अगुवाई संगठन संयोजक अतुल चौहान ने कर दिया। उनके नेतृत्व में रामभक्तों ने पूरे जींद को जय श्रीराम के नारों को गुंजयमान कर दिया। अतुल चौहान ने कहा कि 22 जनवरी का दिन प्रत्येक भारतीय के लिए दीपावली के त्यौहार से कम नही है। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हो गई है और हर भारतीय इस खुशी में झूम रहा है। इस मौके पर यशु, अमित, मानवजीत, देव, प्रिंस, रितिक, निखिल, मनोज सहित अनेक रामभक्त मौजूद रहे। अतुल चौहान ने कहा कि कहा कि आज हम जो यह जश्न मना रहे हैं उसके लिए वह कार सेवक बधाई के पात्र हैं। जिन्होंने राम जन्मभूमि आंदोलन में अपने प्राणों की आहुति दी या वह उस आंदोलन में बढ़ चढ़कर भाग लेने गए थे। अयोध्या में भगवान श्रीराम का मंदिर ही नही है बल्कि करोड़ों भारतीयों के आस्था का प्रतीक है। इस मंदिर के निर्माण के लिए हजारों रामभक्तों ने त्याग के साथ-साथ समर्पण भी किया। लोगों का यह उत्साह इस बात का प्रमाण है कि 500 साल बाद जब भगवान राम अपने घर में विराजे तो हर घर दीवाली मनाई गई।

## भगवान राम का नाम जन-जन में बसा: ढांडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

- राज्यमंत्री ने श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण राजौंद वासियों के साथ देखा

महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री कमलेश ढांडा राजौंद के दुर्गा माता मंदिर में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पहुंची। उन्होंने सबसे पहले मंदिर में पूजा अर्चना की। इसके बाद राज्यमंत्री कमलेश ढांडा ने अयोध्या से वीसी के माध्यम से श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाईव प्रसारण राजौंद वासियों संग देखा व सुना।

महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि आज का दिन भी इतिहास के पन्नों पर लिखा जायेगा। आज अयोध्या में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा के बाद भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं। पूरे देश में खुशी का माहौल है। आज दीपावली जैसा महोत्सव है। देश वासी आनंदित हो उठे हैं। देश में राम धारा बह रही है। राम चन्द्र जी का नाम जन-जन में बसा है। इस अवसर भारत देश में सभी धार्मिक स्थानों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। इससे हिंदू संस्कृति को मजबूती मिलेगी। हर स्थान पर जय श्री राम के नारे गुंजायमान हो रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत देश ने विश्व में अपनी अलग पहचान बनाई है। अयोध्या को आधुनिक रूप दिया गया है, जहां पिछले दिनों नया बस अड्डा, रेलवे स्टेशन, हवाई अड्डा लोकार्पित किया गया है। सरकार द्वारा अयोध्या जाने के लिए रास्तों का सरलीकरण किया गया है। उन्होंने कहा कि 500 वर्षों की कड़ी मेहनत के बाद देश को सफलता मिली है। यह मात्र एक मंदिर नहीं है बल्कि भारत की संस्कृति और अस्मिता का प्रतीक है। यह विश्व के इतिहास में सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक और राष्ट्रीय महत्व का सबसे बड़ा आयोजन है। प्राण प्रतिष्ठा समारोह से एक नए भारत का उदय हुआ है। भारतवर्ष का पुनर्निर्माण शांति, सद्भाव, एकता, प्रगति और सभी की भलाई के लिए जरूरी है। इस मौके पर नगर पालिका राजौंद की चेयरपर्सन बबीता, उप अध्यक्ष मनजीत राणा, कपिल दीक्षित, नरेंद्र, सोनू राणा, राजेन्द्र राणा, विकास राणा, प्रमोद, अनुराग, देवेंद्र, राजेश, भारत भूषण, राजकुमार चौहान आदि मौजूद रहे।



कैथल। भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक गुर्जर ढांड में मिठाई बांटकर भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के लिए खुशी मनाते। फोटो :हरिभूमि

## आज संपूर्ण भारत हुआ राममय : अशोक गुर्जर

- प्राण प्रतिष्ठा को लेकर डाली हवन में आहुति

**ढांड।** भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अयोध्या में आज भगवान जी की प्राण प्रतिष्ठा का महापर्व के रूप में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसे लेकर पूरे देश भर में हर शहर, गांव हर गली मोहल्ले में हवन-यज्ञ, कीर्तन ,भंडारे एवं लोगों ने मिठाई बांटकर खुशी मनाई। देश भर में सभी मंदिरों को दीपावली की तरह से सजाया गया। आज कस्बा ढांड में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें कस्बा ढांड के बालाजी हनुमान मंदिर में हवन-यज्ञ एवं बालाजी का सुंदरकांड का पाठ करवाया गया।इसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक गुर्जर ढांड ने शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने हवन- यज्ञ में आहुति डालते हुए कहा कि आज हम सभी भारतवासियों के लिए दीपावली से भी बढ़कर महापर्व है जो हमारे भगवान श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम अयोध्या में आयोजित किया जा रहा है जिसको लेकर आज पूरे भारतवर्ष में हर भारतवासी अपनी श्रद्धा के अनुसार खुशी मना रहा है। गांव में हवन- यज्ञ, मंदिरों को फूल मालाओं के साथ सजाया जा रहा और भंडारे लगाए जा रहे हैं। अशोक गुर्जर ने कहा कि 500 वर्ष बाद हमारे लिए यह दिन आया है जो हमारे जीवन में एक याद बनकर रहेगा। उन्होंने गांव ढांड में डोबी माता मंदिर में हवन यज्ञ, माता बाला सुंदरी मंदिर में हवन यज्ञ राधा कृष्ण मंदिर और बालाजी हनुमान मंदिर ढांड में भी बालाजी का सुंदर कांड का पाठ में शिरकत की। इस अवसर पर पंडित चंद्रभान शर्मा, पूर्व सरपंच प्यारे लाल,लाला कश्मीरी लाल, बालकिशन वर्मा, रामकुमार गर्ग, नरेंद्र पंवार, बीरभान गर्ग, बलकार सिंह व नरेश गुर्जर के अलावा भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### शोभा यात्रा में झांकियों से मोहा सबका मन

**कैथल।** अयोध्या में नवनिर्मित भव्य मंदिर के गर्भ गृह में रामलला की भव्य मूर्ति की स्थापना के शुभ अवसर पर अशोका गार्डन कॉलोनी स्थित दुर्गा भवन मंदिर में श्री राम संकीर्तन का आयोजन किया गया। संकीर्तन से पहले शोभा यात्रा निकाली गई। इसमे नन्हें मुन्हें बच्चो ने श्रीराम , सीता माता , लक्ष्मण और हनुमान जी की वेश भूषा पहनकर अशोका गार्डन कॉलोनी , अमरगढ़ गामड़ी और गुरु तेग बहादुर कॉलोनी की परिक्रमा की। इसमें सभी कॉलोनी वासियों ने बढ़ चढ़कर सहयोग किया। शोभा यात्रा में विशेषकर हनुमान जी की झांकी ने सबका मन मोह लिया। उसके उपरांत श्री राम संकीर्तन का आयोजन मंदिर परिसर में किया गया। जिसमे भजन गायक जुगल किशोर और शशिकांत ने अपने भजनों के द्वारा श्रीराम का गुणगान किया। भगतो ने नाचकर श्रीराम संकीर्तन का भरपूर आनंद लिया। बाद में प्रसाद की व्यवस्था मंदिर कमेटी द्वारा की गई। जिसमे सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर के प्रधान राकेश बंसल व उपप्रधान अमरदीप मित्तल ने बताया आज भारतवासियों का 500 वर्ष पुराना सपना साकार हुआ है। इस अवसर पर मांगेराम शर्मा , बी डी शर्मा , जय भगवान शर्मा , जय प्रकाश गुप्ता , नरेश मित्तल , संदीप गर्ग , दीपक अग्रवाल , रमन मेहता , राजेश सेठी , पंडित देवधर शास्त्री आदि मौजूद रहे।



कैथल। श्रीराम के भजनों पर झूमते श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

### सुंदरकांड पाठ-राज तिलक आकर्षण का केंद्र

**कैथल।** स्थानीय कोठी गेट स्थित श्री सनातन धर्म सभा के द्वारा भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम विशेष उत्साह एवम उमंग और भव्यता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री राम के चरणों में दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। दुनिया चले ना राम जी के बिना और राम की चले ना हनुमान के बिना इसी विचार के साथ सभा के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 151 महिलाओं के द्वारा संगीतमय सुंदरकाण्ड पाठ किया गया।अयोध्या में चल रहे प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को सनातन धर्म मंदिर में चल रहे कार्यक्रम में 102 फिट बड़ी स्क्रीन पर लाइव दिखाया गया। जैसे ही अयोध्या में भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम पूर्ण हुआ ठीक उसी प्रकार मंदिर प्रांगण में भगवान राम,माता सीता और लक्ष्मण जी का भव्यता के साथ राज तिलक किया।श्रद्धालुओं के द्वारा पुष्प वर्षा और भारी आतिशबाजी के साथ भगवान राम के आगमन पर खुशियां मनाई गई।

## 50 से ज्यादा बच्चों ने लिया जन्म, किसी ने रखा राम नाम तो किसी ने सीता

# प्राण प्रतिष्ठा पर जींद में गूंजी किलकारियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अयोध्या में श्रीराम को अपने घर विराज गए हैं। उनके घर विराजने को लेकर जहां पूरा जींद जींदमय था वहीं जिला में 50 से 'यादा नवजात बच्चों ने भी जन्म लिया। इन बच्चों के जन्म पर अभिभावक इतने उत्साहित थे कि जन्म के बाद ही इनके नाम राम, सीता, लक्ष्मण, लव, कुश पर रख दिए। शहर के निजी अस्पतालों में अधिकतर बच्चों ने जन्म लिया जबकि नागरिक अस्पताल में चार बच्चों ने जन्म लिया। इनमें से तीन राम तो एक सीता माता ने जन्म लिया है। भगवान राम के घर मिलने वाले दिन ही बच्चे पैदा होने पर मां व उनके अभिभावक काफी खुश हैं। अभिभावकों का कहना है कि उनके घर भगवान राम आए हैं। नागरिक अस्पताल में भिवानी रोड स्थित शर्मा नगर निवासी अरविंद की पत्नी सीमा ने भी एक लड़के को जन्म दिया। अरविंद और सीमा को पहले एक लड़का व एक लड़की हैं। अब तीसरी बच्चा लड़का हुआ है। यह दोनों भी राम के घर वापस मिलने की खुशी में उनका आशीर्वाद समझ रहे हैं। इनका कहना है कि भगवान श्रीराम ने उनके घर जन्म लिया है। वहीं गांव भिड़ताना निवासी दीपक की पत्नी अंजली ने अपने पहले बच्चे को जन्म दिया।





जींद। अपने नवजात बच्चे के साथ सीमा खुशी जाहिर करते व नागरिक अस्पताल में अपने बच्चे के साथ बैठक अंजलि। फोटो :हरिभूमि

### निजी अस्पतालों में अधिक ने लिया जन्म

शहर में चार निजी अस्पताल ऐसे हैं, जहां डिलीवरी अधिक होती है। इन अस्पतालों में 50 के आसपास बच्चों ने जन्म लिया है। इनमें से 20 महिलाओं ने दो दिन पहले डिलीवरी करवाई है। इन 20 महिलाओं का सीजेरियन होना तय है। इसलिए दो दिन पहले ही सीजेरियन करवाकर डिलीवरी करवाई। इसके अलावा 30 के आसपास महिलाओं की डिलीवरी प्राकृतिक रुप से आज ही होनी थी। सभी लोग आज के दिन बच्चे पाकर बहुत प्रसन्न हैं।



जींद। प्रस्तुति देते हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### इंडस स्कूल हुआ श्रीराम मय

**जींद।** इंडस पब्लिक स्कूल भी सोमवार को अयोध्या में श्रीराम लला मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर राममय नजर आया। छोटे-छोटे बच्चों ने एक से बढ़ कर एक प्रस्तुति व अभिनय के चित्र अध्यापकों को भेजे। इंडस जूनियर विंग मुख्यध्यापिका गुरमीत कौर ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचंद्र आदर्श पुत्र, शिष्य, भाई, पति, पिता, राजा एवं प्रजा के पालक रहे हैं। इसीलिए उन्हें मर्यादा पुरूषोत्तम राम भी कहा जाता है। आप और हम सभी भाग्यशाली हैं कि इस घड़ी को हम हमारी आंखों के सामने भगवान श्री रामलला के बाल स्वरूप विग्रह अयोध्या में विराजमान होता देख रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### तलवारबाजी में अश्विन व सक्षम ने जीते पदक

**जींद।** छत्तीसगढ़ विद्यालयी खेल फेडरेशन के तत्वाधान में 14 से 17 जनवरी तक आयोजित चार दिवसीय राष्ट्रीय स्तर पर तलवारबाजी स्पर्धा का आयोजन किया गया। प्रशिक्षित दीपक के मार्गदर्शन में आयु वर्ग 14 के तहत कक्षा सातवीं से छात्र अश्विन और कक्षा आठवीं से छात्र सक्षम ने तलवारबाजी प्रतियोगिता में दोहरा स्वर्ण पदक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

### शहर में निकाली शोभायात्रा पुष्प वर्षा से किया स्वागत

**उचाना।** राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दिन को शहर में ऐतिहासिक बनाने के लिए, लोगों में उत्साह नजर आया। पुराने बस स्टैंड से भाजपा नेता एवं समाज सेवी देवेंद्र अत्री, सुषमा अत्री की अगुवाई में शोभा यात्रा निकाली गई। संदीप आर्य घोघड़िया की अगुवाई में भी शोभा यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान जय श्रीराम के नारों से शहर के बाजार गूंजे। जगह-जगह पुष्प वर्षा करके यात्रा का स्वागत किया।

### जींद : ब्लू बर्ड स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन

**जींद।** श्रीराम जन्म भूमि में श्रीराम लाला की प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के अवसर पर पटियाला चौक स्थित ब्लू बर्ड मोंटसरी स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर परिषद की उप प्रधान अर्चना शर्मा, समिति प्रधान बलदेव राज आहूजा, डायरेक्टर राजीव कामरा व नीरू कामरा प्रिंसिपल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आरम्भ किया।

### प्रदेश में आने वाला कल इनेलो का : सूबेसिंह

**उचाना।** उचाना के इनेलो कार्यालय में हल्कास्तरीय मीटिंग हुई। अध्यक्षता हलकाध्यक्ष सूबे सिंह लोहान ने की। मुख्य अतिथि के तौर पर हल्का प्रभारी जय पंवार, समरजीत सिंह पहुंचे। वक्ताओं ने संगठन को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं को दिशा-निर्देश दिए। सूबे सिंह लोहान ने कहा कि प्रदेश में आने वाला कल इनेलो का है। महिला सम्मेलन उचाना, सिरसा में बीसी सम्मेलन के बाद कैथल में युवा सम्मेलन में उमड़ी भीड़ इस बात का प्रमाण है।

### खरकरामजी में चलाया सफाई अभियान

**जींद।** अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से पहले सुबह खरकरामजी में सफाई अभियान चलाया। सरपंच सुरेंद्र एवं उनकी पत्नी पूर्व सरपंच कविता की अगुआई में गांव की महिलाओं ने सफाई की। 50 से ज्यादा महिलाओं ने गलियों से कूड़ा, कचरा उठाया और इसे ट्राली में डाला। इसके बाद गांव की गोशाला में जाकर महिलाओं ने कीर्तन किया।

### मंदिर निर्माण से सकारात्मक ऊर्जा का संचार : मीना शर्मा

**जींद।** इम्प्लॉयज कॉलोनी भारत नगर और विजय नगर के श्रद्धालुओं को अपने आराध्य का दीदार और पूजा अर्चना करने के लिए दूरदराज नहीं जाना पड़ेगा। क्योंकि गोहाना बाईपास चौक के नजदीक स्थित इम्प्लाइज धर्मशाला में श्री शिव शंकर मंदिर का निर्माण होगा। इस निर्माण के शुभारंभ के लिए इम्प्लॉयज कॉलोनी और भारत नगर की महिलाओं ने सोमवार को मंदिर में प्रधान बलजीत सिंगरोहा की मौजूदगी में हवन यज्ञ का आयोजन करवाया।

### बेलरखां से मोनोब्लॉक सोलर पंप चोरी

**नरवाना।** बेलरखा गांव के दो खेतो से दो सोलर मोटर चोरी करने पर सदर पुलिस नरवाना ने चोरी का मामला दर्ज कर लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है पुलिस को दी शिकायत में राजेश व दिलबाग वासी बेलरखां ने बताया कि राजेश के खेत में मोनोब्लोक 3 एचपी की सोलर मोटर लगी थी वहीं जो दिनाकं 20 जनवरी की रात को चोरी हो गई।

### कांग्रेस ने सदैव किए गरीबों के हित में कार्य

**जुलाना।** युवा कांग्रेस नेता अनिल दलाल ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने सदैव गरीब हित के कार्य किए हैं। गरीबों के लिए ऐसी योजनाएं बनाई थी जिनसे उन्हें दो वक्त की रोटी और सिर छुपाने के लिए घर मिला था। लेकिन भाजपा ने गरीब के हकों का निवाला छीनने का काम किया हैं और न मुफ्त बिजली दी।

---

### श्री रामलला अयोध्या में विराजमान, गांव से शहर तक गूंजे जय श्रीराम के जयकारे

# श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में निकाली भव्य शोभायात्रा

महंत अजय गिरी महाराज के सानिध्य में निकाली शोभायात्रा में उमड़ा रामभक्तों का रैला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नरवाना

अयोध्या में हुई भव्य श्रीराम मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के समारोह के मौके पर शहर में महंत अजय गिरी महाराज के सानिध्य में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा सनातन धर्म मंदिर परिसर से शुरू होते हुए शहर के मुख्य मागारें से होती हुई बाबा गैबी साहब मंदिर परिसर में संपन्न हुई। शोभायात्रा के दौरान जगह-जगह पर सामाजिक व धार्मिक संस्था के सदस्यों व पदाधिकारियों द्वारा स्वागत के लिए पंडाल लगाए गए। इसी बीच शहर के हलका विधायक रामनिवास सुरजाखेड़ा ने भी शिरकत की और यात्रा को मंदिर परिसर के बाहर से शुभारंभ करवाया। यात्रा के बीच में श्री रामा भारतीय कला केंद्र के कलाकारों द्वारा विभिन्न प्रकार की झांकियां दिखााई गई। इन झांकियों में मुख्य रूप से अशोक वाटिका, हनुमान झांकी, सबरी झांकी, राम दरबार, जटायू शामिल थी। शोभा यात्रा के दौरान काफी संख्या में शामिल महिलाओं ने भी अपने हाथों में भगवान राम के झंडे उठाए हुए थे और पूरी नगरी को राम के नारों से राममयी बना दिया। गैबी साहब में पहुंची यात्रा के समापन पर वहां रामभगतों ने मत्था टेका और भंडारे का प्रसाद चखा। इसी के साथ 108 हनुमान चालीसा के पाठ भी किए गए। सनातन धर्म मंदिर से निकली शोभा यात्रा के बाद शहर के लोगों द्वारा पुष्प वर्षा के साथ भव्य स्वागत किया गया। लोगों ने प्रत्येक झांकी व शोभायात्रा में शामिल श्रद्वालुओं पर पुष्प वर्षा की। यह एक आर्कषण का केंद्र बनी रही।

**धीरजा मंदिर में भी हुई राम दरबार प्राण प्रतिष्ठा:** धौला कुआं स्थित धीरजा मंदिर में धीरजा परिवार के सदस्यों द्वारा राम दरबार की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इसके बाद मंदिर परिसर में हवन यज्ञ करवाया गया।


नरवाना। झंडे उठाकर शौभा यात्रा में शामिल होते हुए महिलाएं। फोटो : हरिभूमि


नरवाना। शौभा यात्रा में राम, लक्ष्मण व सीता माता की झांकियां निकालते हुए।



नरवाना। शहर में शोभा यात्रा के दौरान शामिल श्रृद्धालुओं को प्रसाद वितरित करते हुए।


नरवाना। प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शहर में किया जा रहे हवन यज्ञ।

### राममय हुआ सफीदों नगर



**सफीदों।** ऐतिहासिक महाभारतकालीन नगरी सफीदों सोमवार को राममय हो गई। जिधर भी नजर दौड़ाओ चहुंओर श्रीराम पताका व रामभक्तों की टोलियां ही दिखाई पड़ रही थी। वहीं श्रीराम भजनों की धुन कहीं ना कहीं से रह-रहकर कानों में पड़ रही थी। इस दिन को लेकर इन नगरी के लोग बेहद उतावले थे और इस दिन के लिए उन्होंने व्यापक तैयारियां की हुईं थी। कहीं शोभायात्रा निकली, कहीं श्री राम परिवार की प्राण-प्रतिष्ठा हुई तो वहीं अनेक स्थानों पर भंडारे व प्रसाद वितरण हुआ। अपने रामलला के आगमन की खुशी में जिससे जो बन पड़ रहा था वह कर रहा था। नगर का मुख्य कार्यक्रम ऐतिहासिक नागक्षेत्र सरोवर मंदिर प्रांगण में हुआ। यहां पर अखंड़ रामायण के पाठ का आयोजन हुआ। इसके अलावा यहां पर भजन-कीर्तन के उपरांत विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। इसके साथ-साथ यहां पर अयोध्या में हो रहे प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का लाईव प्रसारण भी एलईडी के माध्यम से दिखाया गया। श्रद्धालुगण एलईडी पर लाईव प्रसारण देखकर भाव-विभोर हो रहे थे।


जींद। शहर में निकली शोभा यात्रा में भगवान श्रीराम की झांकी। फोटो : हरिभूमि


जींद। शहर में शोभा यात्रा के दौरान मौजूद श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

---

## अपने घर विराजे भगवान राम : सैनी

- हजारों कार सेवकों की कुर्बानी व प्रधानमंत्री मोदी के प्रयास लाए रंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

अग्रवाल धर्मशाला में सोमवार को अयोध्या में भगवान राम की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर कार्यक्रम हुआ। इसमें भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता कर्मवीर सैनी ने कहा कि 500 सालों का लंबा इंतजार सोमवार को खत्म हुआ और भगवान राम अपने घर विराजे हैं। यह सब हजारों कार सेवकों की कुर्बानी व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों का नतीजा है। अग्रवाल धर्मशाला में सबसे पहले हवन.यज्ञ किया गया। इसमें सैकड़ों रामभक्तों ने भाग लिया। इसके बाद यहां भंडारा लगाया गया। यहां बड़ी स्क्रीन लगाकर रामभक्तों को अयोध्या से लाइव कार्यक्रम दिखाया। रामभक्तों के जयकारों से पूरा शहर गूंजयमान हो रहा था। कर्मवीर सैनी ने कहा कि आज दीपावली जैसा उत्सव है। हर घर में खुशी की लहर है। रामभक्तों में जो जोश और उत्साह है, उससे साफ दिखाई दे रहा है कि यह लोग कितने खुश हैं। एक वह युग था, जब भगवान राम 14 वर्ष का वनवास काटकर अपने घर लौटे थे और लोगों ने घी के दीये जलाए थे और वह दिन है जब भगवान राम को 500 वर्षों बाद उनका घर मिला है। सेलर एसो के प्रधान सुभाष जैन, वरिष्ठ भाजपा नेता राजकुमार जोगी, जगदीश कश्यप, पार्षद संजीव, पार्षद सुनील, पार्षद महाबीर, मनोज पार्षद, सोनिका पार्षद मौजूद रहे।


सफीदों। यज्ञ में आहूति डालते हुए। फोटो : हरिभूमि

### ब्राह्मण धर्मशाला में किया हवन

**जींद।** अयोध्या में रामलाल प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर सोमवार को ब्राह्मण धर्मशाला में समस्त कार्यकारिणी ने मिलकर हवन यज्ञ किया। इस शुभ अवसर पर प्रसाद वितरण किया गया, परशुराम चौक की सफाई की गई व सुंदरकांड का पाठ किया गया। श्री राम स्तुति के साथ-साथ संस्कृत महाविद्यालय रामराये द्वारा शोभायात्रा निकाली गई। हवन यज्ञ सभा के प्रधान धर्मवीर पिंडारा, महासचिव डा. भारत भूषण, पूर्व प्रधान सियाराम शास्त्री, एबलवान शर्मा, वजीर गांगोली, कृष्णलाल, महावीर, रामभगत कौशिक, लेखराज, राजेश कुमार शर्मा, रामनिवास, मनीष कंडेला, प्रवीन शामदो, शमशेर कौशिक एवं समस्त कार्यकारिणी उपस्थित रही। शाम के समय समस्त कार्यकारिणी ने परशुराम चौक पर दीप प्र'जवलित करके सनातन की जय का उत्सव मनाया।

## हनुमान चालीसा-सुंदरकांड का पाठ किया

- डीएवी पब्लिक स्कूल में राम उत्सव का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

डीएवी पब्लिक स्कूल में राम उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें साहित्यकार कवयित्री शकुंतला ने सरयू नदी का पानी अयोध्या से लाकर डीएवी संस्थाओं के क्षेत्रीय निदेशक डा. धर्मदेव विद्यार्थी को भेंट किया तो वातावरण भावुकतापूर्ण और भक्तिपूर्ण हो गया। राम दरबार तथा बच्चों के लिए राम बनो, सीता बनो और हनुमान बनो प्रतियोगिताएं रखी गई। जिसमें सैंकड़ों बच्चों ने भाग लिया। बच्चों के साथ-साथ बच्चों के माता-पिता का जोश भी दिखाई देता था। इस मौके पर नरेंद्र अत्री, ओमप्रकाश चौहान, जगदीश पांचाल और शकुंतला देवी ने अपने कविताओं के साथ वातावरण को राममय कर दिया। वहीं विनय तथा नीरज भारद्वाज की भजन मंडली ने हनुमान चालीसा और सुंदरकांड का पाठ किया। उन्होंने कहा कि राम तो कण-कण में विराजमान हैं। यह इस उत्सव से सिद्ध हो गया है, जो केवल अयोध्या तक सीमित न रहकर पूरे ब्रह्मांड में फैल गया है। आज समस्त विश्व में राम के जयकारे गुंजाए जा रहे हैं। लोग अपनी इच्छा से ही राम की जय-जयकार कर जुलूस, झांकियां और दरबार का आयोजन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राम का जीवन चरित्र ही नहीं रामायण के प्रत्येक पात्र का जीवन चरित्र जीवन को प्रेरणा देता है।



जींद। यज्ञ में आहूति डालते डा. विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

---


जींद। जयंती देवी मंदिर में पूजा करते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### जयंती मंदिर में रामकथा समारोह में झूमे श्रद्धालु

**जींद।** अयोध्या में श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर पिछले कई दिनों से जींद के महाभारत कालीन जयंती देवी मंदिर सिद्धपीठ में चल रही रामकथा का समापन सोमवार को बड़े भव्य तरीके से हुआ। समापन अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। मंदिर पुजारी नवीन कुमार शास्त्री के सानिध्य में राममय माहौल की धून में महिला श्रद्धालु जमकर झूमी। इस अवसर पर मुख्यातिथि के तौर पर भाजपा किसान मोर्चा के जिला प्रधान संदीप लोहान, अशोक छाबड़ा, भाजपा युवा नेता गौरव भारद्वाज, राजकीय शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश खर्ब ने शिरकत करते हुए रामलला की कथा का श्रवण किया। भाजपा नेता संदीप लोहान ने कहा कि आज पूरे देश के लिए गौरव का विषय है कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को बड़े उत्सव की तरह मनाया जा रहा है। देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है। सनातन धर्म में विश्वास रखने वालों के लिए आज का दिन दिवाली से कम नहीं है। गौरव भारद्वाज ने कहा कि रामलला की भक्ति में पूरा देश जिस तरह से मग्न है, उसके निश्चित तौर पर भविष्य में सकारात्मक परिणाम सामने आएगें। क्योंकि जहां भक्ति प्रभावी होती हैए वहां निश्चित तौर पर शक्ति और सुख का तेजी से आगमन होता है। मास्टर सोमवीर मलिक, सोनू गुप्ता मौजूद रहे।

## नॉर्थ जोन बॉक्सिंग प्रतियोगिता में निधि व पूजा ने कांस्य जीते

- पंजाब की लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी फगवाड़ा में स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पंजाब की लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी फगवाड़ा में 14 से 18 जनवरी तक नोर्थ जोन बॉक्सिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। इसमें हिंदू कन्या महाविद्यालय की खिलाड़ी निधि ने 66 किलोग्राम भार वर्ग और पूजा ने 50 किलोग्राम भारवर्ग में भाग लिया। प्राचार्या डा. पूनम मोर ने बताया कि दोनों ही बहनों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीत कर कॉलेज व अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया। उन्होंने बताया कि पूजा व निधि ने 19 से 23 जनवरी को होने वाली अखिल भारतीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई भी किया। उन्होंने खिलाड़ियों की सफलता का श्रेय उनकी मेहनत व शारीरिक शिक्षा विभाग की प्राध्यापिका मीना मलिक के मार्गदर्शन में यह मुकाम हासिल किया है। खिलाड़ियों की उपलब्धि पर कॉलेज समिति के प्रबंधक अंशुल सिंगला ने खिलाड़ियों को बधाई दी।


जींद। प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतने वाली निधि व पूजा।



जींद। रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

### शिविर में 35 युवाओं ने स्वेच्छा से किया रक्तदान

**जींद।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बराह कलां में भगवान श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर वासुदेव मित्र मंडली के सदस्य बनीत शर्मा, दिलबाग सिंह, आनंद शर्मा व गांव के सरपंच सुरेश गौतम ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इसमें 35 युवाओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में रैडक्रॉस सोसाइटी की स्टेट ब्लड डोनेशन कमेटी के सदस्य सुभाष ढिगाना ने मुख्यातिथि शिरकत की। बराह कलां के सरपंच सुरेश गौतम ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की जबकि स्कूल की प्रिंसिपल संगीता आशरी व जिला पार्षद डा. श्रीपाल गौतम विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। सुभाष ढिगाना ने कहा कि आज के दिन रक्तदान करने वाले सभी युवा सौभाग्यशाली हैं। क्योंकि हमारी पीढियां जिस सपने को देख रही थी। हमारे पूर्वजों ने जिसके लिए संघर्ष किया अपनी आहुति दीए उनके सपने साकार होते हुए। आज हम देख रहे हैं अपने पूर्वजों और अपने आप पर हमें गर्व है। आज सभी अपने घरों को सजाएंए दीपक जलाएं एवं खुशी मनाए।

---

### हिंदी साहित्य प्रेरक संस्था ने किया कार्यक्रम का आयोजन

# रामलला प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जींद राममय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में भारत ही नहीं अपितु समूचे विश्व में खुशी की लहर दौड़ रही है। राममय माहौल से ओतप्रोत जींद जनपद के जाने-माने प्राचीन स्थान अन्नक्षेत्र सदाव्रत परिसर में स्थित मंदिर में भगवान राम का संकीर्तन करते हुए आह्लादित मन से दिपावली मनाई गई। राष्ट्रीय कवि संगम एवं हिंदी साहित्य प्रेरक संस्था के संयुक्त तत्वावधान में मनाए गए इस अनूठे व अनोखे पर्व की खुशी शब्दों में वर्णित करना कठिन है। लगभग पांच सदियों का इंतजार, समर्पण, त्याग, बलिदान और आज सुखद, सफल परिणाम आया है। भावविभोर कर देने वाले गीत, कविता और भजनों ने समां बांध दिया। इस पावन अवसर पर बाल परिषद् जींद जिले के चेयरमैन नरेंद्र अत्रि संतोषी, आधारशिला पब्लिक स्कूल की डायरेक्टर अंजू सिहाग एवं उनकी सासू मां उपस्थित रही। माताजी द्वारा गाए गए भजन ने सबको रामायण काल से जोड़ आनंदित कर दिया। वरिष्ठ गीतकार जगदीश पांचाल नवरचित रचना ने अंतः को झकझोर दिया। उन्होंने कहा कि भगवान राम से विनती है कि बच्चों एवं युवाओं में अपने जैसा चरित्र निर्माण करें ताकि वृद्ध मात व पिता अपने घर में अपनों के साथ रह सकें। वनवास रूपी वृद्धाश्रमों में नहीं।



### लड्डू बॉटकर खुशी मनाई

चेयरमैन नरेंद्र अत्रि संतोषी ने भगवान राम के जीवन पर प्रकाश डाला। डा. हनीफ का योगदान सराहनीय रहा। कार्यक्रम के समापन पर संस्था की अध्यक्षया शकुंतला काजल शकुन ने अन्नक्षेत्र के अध्यक्ष महेश सिंगल एवं सभी महानुभावों का धन्यवाद एवं ढेरों शुभकामनाएं प्रेषित की। सदाव्रत के कर्मठ सेवक हरेंद्र ने लड्डू बॉट कर खुशी में चार चांद लगा दिए।


जींद। लड्डू बांट कर खुशी का इजहार करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### धर्म समाज सेवा समिति ने किया प्रसाद वितरित

**जींद।** श्रीराम की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में वाल्मीकि धर्म समाज सेवा समिति की ओर से सोमवार को वाल्मीकि मंदिर रामराये गेट वाल्मीकि चौक पर भजन, कीर्तन व प्रसाद का वितरण किया गया। इसमें मुख्य रूप से भाजपा के वरिष्ठ नेता भारत भूषण टांक ने शिरकत की तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान रमेश कुमार ने की। कार्यक्रम में समाज के गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। आदि कवि रामायण रचयिता भगवान वाल्मीकि द्वारा रचित रामायण ग्रंथ में प्रभु श्रीराम की महिमा का जो व्याख्यान किया गया है, जिससे पूरा विश्व परिचित है। आज भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व को एक नया संदेश देने का काम किया है। क्योंकि भगवान श्रीराम हमारी आस्था हैं, हमारा विश्वास हैं और भारत का एक नई राह दिखाने वाला नाम है। जिससे सर्व समाज की आस्था जुड़ी हुई है। पर नाथूराम, अनिल कुमार, ईश्वर बिडलान, सोनू कुमार, प्रहलाद कल्याण आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### संस्था तीन साल से कर रही मानब सेवा : चाबा

**गुहला-चीका।** समाज सेवी नेकी का घर संस्था कड़कड़ाती हुई ठंड में दिन रात कर रही है मानव भलाई के कार्य संस्था को आज करतापुर सुलतानियां गुरुद्वारा साहिब कमेंटी ने नेकी का घर संस्था को 35 से 40 रजाई , देकर नेक कार्य किया ताकि नेकी का घर संस्था जरूरत मंद लोगों तक पहुंचा सके। नेकी का घर संस्था द्वारा करतारपुर गुरु घर कमेंटी का धन्यावद किया।

### जुलाना की परशुराम धर्मशाला में यज्ञ किया

**जुलाना ।** जुलाना कस्बे की परशुराम धर्मशाला में ब्राहमण सभा द्वारा अयोध्या में होने वाले भगवान श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में हवन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्त्रम की अध्यक्षता सभा के प्रधान देवेंद्र शर्मा ने की। हवन में सैंकड़ों लोगों ने आहूति डाली। लोगों को संबोधित करते हुए प्रधान देवेंद्र शर्मा ने कहा कि यह दिन आज 500 साल बाद देखने को मिला है। इस मंदिर को बनाने में अनेकों लोगों ने अपने प्राणों को न्यौछावर कर दिया। यह दिन किसी त्यौहार से कम नही है।

### मिनी कांशी नगरी कैथल राममय हुई

**कैथल।** अयोध्या के राम मंदिर में भगवान रामलला के स्वरूप की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आज देश-प्रदेश में उत्साह का माहौल है। मिनी कांशी नगरी कैथल के सभी मंदिर भी राममय हो गए। हजारों श्रद्धालुओं ने आज कैथल के मंदिरों में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया। कैथल के गीता भवन मंदिर में भी अयोध्या से प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण किया गया।

### गांव जामनी में कलश यात्रा निकाली

**जींद ।** गांव जामनी में अयोध्या में हो रही राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर महंत नवरत्न दास की अध्यक्षता में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। महंत ने कहा की हम सभी बड़े भाग्यशाली हैं जो हम राम मंदिर के साक्षी बन रहे हैं। 500 वर्ष बाद हमें ये अवसर प्राप्त हुआ है, जिसे हमें एक त्यौहार की तरह मनाना चाहिए। इस दौरान कलश यात्रा व स्वच्छता अभियान चलाया गया। सरपंच दलबीर सिंह, हरिपाल, जयवीर मौजूद थे।

### आज का दिन श्रीराम के राज्याभिषेक के बराबर

**जींद।** अयोध्या में श्री राम मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के पावन पर्व पर आयोजित श्री राम उत्सव रामराये का भव्य आयोजन रामह्रद तीर्थ पर स्थित भगवान परशुराम मन्दिर एवं श्री ब्राह्मण संस्कृत महाविद्यालय संस्था की समिति ने प्रधान मा. रिषिकांत के नेतृत्व में पूर्ण किया। राम उत्सव में महन्त उमेश गिरि डेरा बराहकलां एवं महंत अमरनाथ जी डेरा गतौली शामिल हुए। रिटायर्ड लेफ्टिनेंट जनरल डीपी वत्स ने आज के दिन को भगवान श्रीराम के राज्याभिषेक के बराबर बताया।

## भगवान श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर कई स्थानों पर धार्मिक आयोजन किए

# भक्तिरस में डूबा शहर, निकाली शोभायात्रा

**समिति के सदस्यों ने सत्संग किया गया और 11000 लड्डुओं के प्रसाद का वितरण किया गया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सीवन

भगवान श्री राम मन्दिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर सीवन में कई स्थानों पर धार्मिक आयोजन किए गए। इस दिन का इंतजार राम भक्तों को कई दिनों से था। राम भक्तों ने भक्ती रस में डूब कर शोभा यात्रा निकाली और कई स्थानों पर भंडारे का आयोजन किया गया। श्री शिव शंकर त्रयोदशी भंडारा समिति की ओर से सुबह के समय हवन किया गया और उसके पश्चात विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई मुख्य मार्ग पर स्थित लंगर शैड के पास समाप्त हुई। राम भक्तों ने नाच-गा कर शोभा यात्रा में भाग लिया। इसके पश्चात समिति के सदस्यों द्वारा सत्संग किया गया और 11000 लड्डुओं के प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर सेवा करने वालों में अशोक गोयल, अमरेन्द्र खारा, बलविन्द्र जांगड़ा, सतीश मुंजाल, भीषू चौधरी, संगीत बंसल, भीम मेहता, राजन मेहता, नरेश सिंगला व भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।



**सीवन।** शोभा यात्रा निकालते समिति के सदस्य

## एसडी स्कूल के बच्चों व अध्यापकों ने सुंदर रंगोली बनाई



गुहला-चीका। आदर्श नाटक क्लब श्री भवानी मंदिर में मंदिर कमेटी की तरफ से एस डी सभा प्रधान राजीव शर्मा व बलबीर सैनी के नेतृत्व में श्री अखंड रामायण पाठ का भोग डाला गए। इस दौरान श्रद्धालुओं ने पंडित मनींद्र शर्मा की अगुआई में श्रद्धा से श्री रामायण के पाठ किए। भोग के उपरांत श्रद्धालुओं को प्रसाद बांटा गया। इस मौके मंदिर कमेटी की ओर से श्रद्धालुओं के लिए भंडारा लगाया गया।अयोध्या में हुई आज प्रभु श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया वहीं एस डी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों व अध्यापकों द्वारा रंगोली बनाई गई।जोकि मंदिर पहुँच रहे श्रद्धालुओं के देखने के खुद ब खुद आकर्षित कर रही थी। धर्म से जुड़े ऐसे ही महोत्सव समय समय पर होते रहेंगे और धर्म के प्रचार प्रसार के लिए संस्था यू ही अपनी जिम्मेदारी निष्ठा से निभाती रहेगी। संस्था के प्रवक्ता कुलदीप माजरा ने बताया कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह भगतो को संस्था द्वारा व्यवस्था स्वरूप बड़ी एलसीडी लगाकर इस महत्वपूर्ण पल का साक्षी होने का सौभाग्य पाया।देश व विश्व मे आज पहली बार ऐसा देखने को मिला कि हर युवा,बाजुर्ग महिला से लेकर बच्चे तक प्रभु रामलला की शोभायात्रा व मंदिरों में राम ज्योति महोत्सव बनाने के परिवार संग पहुंचे। ऐसे ही उत्सव धर्म और हमारी संस्कृति को मजबूती देंगे।

## श्रीराम परिवार की निकाली शोभायात्रा

कैथल । अयोध्या में नवनिर्मित भव्य मंदिर के गर्भ गृह में रामलला की भव्य मूर्ति की स्थापना के शुभ अवसर पर अशोका गार्डन कॉलोनी स्थित दुर्गा भवन मंदिर में श्री राम संकीर्तन का आयोजन किया गया। संकीर्तन से पहले शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमे नन्हे मुन्हे बच्चो ने श्रीराम , सीता माता , लक्ष्मण और हनुमान जी की वेश भूषा पहनकर अशोका गार्डन कॉलोनी , अमरगढ़ गामड़ी और गुरु तेग बहादुर कॉलोनी की परिक्रमा की। समे सभी कॉलोनी वासियों ने बढ़ चढ़कर सहयोग किया। शोभा यात्रा में विशेषकर हनुमान जी की झांकी ने सबका मन मोह लिया। उसके उपरांत श्री राम संकीर्तन का आयोजन मंदिर परिसर में किया गया। जिसमे भजन गायक जुगल किशोर और शशिकांत ने अपने भजनों के द्वारा श्रीराम का गुणगान किया। भगतो ने नाचकर श्रीराम संकीर्तन का भरपूर आनंद लिया। बाद में प्रसाद की व्यवस्था मंदिर कमेटी द्वारा की गई। जिसमे सभी ने प्रसाद ग्रहण किया।



## दिन भर रही धार्मिक कार्यक्रमों की धूम

**कलायत।** अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा को लेकर विश्व हिंदू परिषद तत्वाधान में कलायत के शहरी और ग्रामीण अंचल में दिनभर धार्मिक कार्यक्रमों की धूम रही। भव्य समारोह का सिलसिला प्राचीन श्री कपिल मुनि धाम परिसर से पुजारी संजय शास्त्री व अनिरुद्ध गौतम की देखरेख में शुरू हुआ। विश्व हिंदू परिषद प्रखंड संयोजक बीरभान निर्मल, प्रखंड अध्यक्ष राजू कौशिक, प्रखंड मंत्री नंबरदार संजय सिंगला, नगर पार्षद आर.एस धानियां, विप्र फाउंडेशन प्रांतीय उपाध्यक्ष अंकुर निर्मल,श्री कपिल मुनि ज्योतिष एवं रत्न केंद्र प्रमुख विशाल शांडिल्य और रत्न लाल प्रजापति ने बताया कि सुबह से ही आयोजन को लेकर हर तरफ उत्साह का



### गांव बड़सीकरी कलां में हवन का आयोजन

गांव बड़सीकरी कलां में रामलला प्राण प्रतिष्ठा को लेकर हवन का आयोजन किया गया। महंत कैन्हया गिरी, प्रभात गिरी, ईमरत, रामेहर, सुरेश,अमित शर्मा, फग्गुराम, चांदीराम, योगेश शर्मा, सुभाष, नरेश, सीलू, शीशपाल, माया देवी, रोशनी , कमला, मूर्ति देवी, राजेश और पुरषोत्तम सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हवन में आहुति डालकर भारतीय संस्कृति की समृद्धि की कामना की।

### शोभा यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने लिया भाग



**पूंडरी।** अयोध्या में श्री रामलला के विराजमान होते ही, पूरे देश में इस दिन को पर्व के रूप में मनाया जा रहा है। जगह-जगह पर श्रद्धालु हवन-यज्ञ, झांकियां, पूजा अर्चना कर अपने अनुसार इस पर्व को मना रहे है। इसी क्त्रम में गांव फतेहपुर के रंगपुरी मंदिर के महंत सत्य चैतन्य पुरी महाराज के नेतृत्व में विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया, जिसमें महिलाओं की संख्या काफी अधिक रही। यात्रा रंगपुरी मंदिर से शुरू होकर माता मनसा देवी मंदिर, मुख्य बाजार, गिरधरलाल अहलुवालिया चौक से होते हुए श्रीराम मंदिर पूंडरी में संपन्न हुई। महंत सत्य चैतन्य पुरी महाराज ने कहा कि आज त्रेता युग जैसा माहौल पूरे विश्व में बना हुआ है। जब त्रेता युग में भगवान राम 14 वर्ष का बनवास काटकर आए थे तो आप अनुभव कर सकते है कि कैसा माहौल होगा, आज तो 500 वर्षों के लंबे इंतजार और लाखों कुर्बानियों के बाद श्रीरामलला जी अपने मंदिर में प्रवेश किए है। तो पूरे देश और विदेश में आनंद, हर्ष और उल्लास का माहौल है। रात्रि में खूब दीपावली की तरह दीपक, मिठाइयां बांटी जाएंगी। शोभा यात्रा के दौरान भगवान श्रीराम, सीता, लक्ष्मण व भरत की सुंदर झांकियां सजाई गई थी। इस मौके पर पूरे गांव में राममय माहौल था।



### गोशाला में भगवान श्री कृष्णा व गोमाता की प्रतिमा स्थापित की

**सीवन।** सीवन की गौशाला में बने मुख्य द्वार पर भगवान श्री कृष्ण और गाय माता की प्रतिमा स्थापित की गई। सोमवार को सुबह के समय हवन किया गया। पंडित राजेश शर्मा ने विधि विधान से हवन सम्पन्न करवाया। हवन में पूर्णाहुति डालने वालों में डा. राम निवास शर्मा, नरेश मिढा, पवन शर्मा, वरूण मुटरेजा, षि केश शर्मा, नरेन्द्र सैनी व अन्य शामिल थे। इसके पश्चात वैष्णो दुर्गा मंडल की ओर से सत्संग का आयोजन किया गया। इस सत्संग में गायक कलाकार केवल कृष्ण मिढा, रमेश तनेजा, गोल्डी अरोड़ा, राजेन्द्र कामरा ने भजनों के माध्यम से समा बांध दिया और उपस्थित गौ भक्तों को भाव विभोर कर दिया। इसके पश्चात आरती की गई और प्रसाद वितरित किया गया।



**राजौंद।** आदर्श स्कूल प्रांगण में प्रभु श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा पर छोटे-छोटे बच्चे श्री राम की पोशाक पहन कर आए

### आदर्श स्कूल जाखौली में बच्चों ने देखा श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सीधा लाइव प्रसारण

**राजौंद।** गांव जाखौली के आदर्श स्कूल प्रांगण में प्रभु श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को बच्चों ने लाइव देखा। इसके लिए विद्यालय के हाल में बड़ी स्क्रीन म्यूजिक सिस्टम लगाए गई थी। इस दौरान छोटे.छोटे बच्चे श्री राम की पोशाक पहन कर आए जो बहुत ही सुन्दर लग रहे थे। मानो सुंदर पोशाकों में बच्चे रामलाल ही लग रहे थे। इस दौरान कक्षा नौवीं की छात्रा महक ने बहुत सुंदर स्पीच से सबको मंत्र मुक्त कर दिया। इस दौरान विद्यालय में दीपक जलाए गए और दीपक श्रृंखला द्वारा श्री राम लिखा गया। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शर्मा ने बताया कि श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर हम सब समर्पित हैं। इस महत्वपूर्ण क्षण में हम सभी श्रद्ध सुमन अर्पित करते हैं।

### प्राण प्रतिष्ठा को लेकर दुकानदारों ने चलाया सफाई अभियान



**गुहला-चीका।** अयोध्या में कल होने वाले भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आज सारा दिन चीका शहर में राममय माहौल बना रहा। जहां आज लोगों ने शहर में जमकर भंडारे लगाए वहीं दूसरी तरफ नमस्ते व गुड मानिंर्ग के स्थान पर एक-दूसरे को जय श्रीराम के नाम से अपने दिन की शुरूआत की और सारा दिन यही सिलसिला जारी रहा। इस बीच छोटी मंडी चीका के दुकानदारों द्वारा भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में सफाई अभियान चलाया, जिसकी अध्यक्षता पार्षद प्रतिनिधि संभालू जिन्दल ने की। दुकानदारों ने अपनी दुकानों की भी सफाई की और पटाखे छोड़ व आतिशबाजी चलाकर दीवाली मनाई। दुकानदारों ने दुकानों पर लाइटिंग भी की।

### प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पिलनी में किया हवन



**पाई।** सोमवार को अयोध्या में भगवान श्री राम की प्राण- प्रतिष्ठा के सुअवरसर पर पाई क्षेत्र सभी जगह राममय दिखाई दिया। लोगों द्वारा हवन, यज्ञ, भंडारे सहित प्रसाद वितरित करते देखा गया। पाई, पिलनी, नरड़, सेगा, प्योंदा, हरसोला, काकोत, करोडा, भाना आदि में कीर्तन, भंडारा तथा हवन किया गया। लोग भगवान राम की प्राण- प्रतिष्ठा देखने के लिये ललयित होकर अपने सभी काम काज छोड़ कर टी वी देखते रहे। नरड गांव में हंसा नाथ डेरे, पिलनी में मंदिरों के साथ बाबा देवी दास की समाधी पर, पाई में बिशन पुरी मंदिर, ग्यारह रूद्री शिव मंदिर आदि जगह महिलायों ने कीर्तन किया। यहां पर भंडारे तथा हवन का भी आयोजन किया। इस राम उत्सव की पूर्व संध्या पर गांव में कलश सहित भगवान श्री राम की शोभा यात्रा भी निकाली गई। क्षेत्र में यह उत्सव दिवाली से भी अधिक उत्साह से मनाया गया।



**पुंडरी।** पूंडरी गीता भवन मंदिर में यज्ञ में आहुति डालते हुए यजमान।

### गीता भवन मंदिर में यज्ञ का आयोजन

पूंडरी। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में अग्रवाल पंचायत फतेहपुर-पूंडरी द्वारा गीता भवन मंदिर पूंडरी में यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ में यजमान के रूप में अग्रवाल पंचायत के प्रधान अशोक बंसल, युवा अग्रवाल पंचायत के प्रधान मनीष मित्तल व समाज सेवी भूषण सिंगला ने भाग लिया। शहर वासियों ने यज्ञ में आहुति डाली और जय श्री राम, जय श्री राम के नारे भी लगाये। इस अवसर पर एडवोकेट महेश मंगल, डॉ सुभाष बंसल, राजेंदर गुप्ता व श्रवण सिंगला भी विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर महेश मंगल ने कहा कि आज बरसों के बाद अयोध्या में रामलला की मूर्ति स्थापित की जा रही है। जिसकी प्राण प्रतिष्ठा समारोह में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्य रूप से पहुंचे हैं। इस खुशी में आज पूरे देश में खुशी की लहर है। सनातन धर्म के लिए सबसे बड़ी खुशी की बात यही है कि आज अयोध्या के अंदर राम मंदिर की स्थापना हो चुकी है। इस अवसर पर विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। जिसमे शहर वासियो ने प्रसाद ग्रहण किया।

### श्री सनातन धर्म मन्दिर में किया हवन

**सीवन।** नगर के श्री सनातन धर्म मन्दिर में सोमवार को विशेष यज्ञ का आयोजन किया गया। यह यज्ञ भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के कार्यक्रम को लेकर किया गया। इसके पश्चात सत्संग का आयोजन किया गया। मन्दिर के महंत महेश शर्मा ने बताया कि कई दिनों से मन्दिर में इस दिन की तैयारियां की जा रही थी। भक्तों में भी उत्साह था। सर्दी के बावजूद भी भक्तों ने मन्दिर प्रांगण को साफ किया और पूरे मन्दिर की सफाई की। सुबह हवन किया और उसके पश्चात सत्संग किया गया। इस अवसर पर भगवान श्री राम व माता सीता के रूप में बच्चों ने सुन्दर झांकी भी निकाली। कार्यक्रम के आयोजन में विनेश मेहता, इन्द्र मोहन रहेजा, तजिन्द मिढा, सोनू मुंजाल, संदीप, वीना तनेजा, संतोष, रानी, राहुल व अन्य मौजूद रहे।

### बाबू अनन्त राम जनता कॉलेज में देखा लाइव कार्यक्रम

**ढांड।** अयोध्या धाम में प्रभु श्री रामलला के नवीन विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर बाबू अनन्त राम जनता कॉलेज, कौल के प्रांगण में तेजवीर सिंह प्रबंधन समिति के प्रधान, पूर्व विधायक, पूंडरी, कार्यकारिणी सदस्य, भारतीय जनता पार्टी, संजय सुखीजा जी विस्तारक पूंडरी मंडल एवं भारी संख्या में उपस्थित लोगों ने भगवान राम के श्री चरणों में पुष्पांजलि अर्पित की व हवन-यज्ञ किया। इस अवसर पर अयोध्या नगरी में रामलाल के प्राण-प्रतिष्ठा के समारोह के सीधे प्रसारण को सभी ने सभागार में बैठ कर देखा। तेजवीर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आज पूरी दुनिया के सनातन धर्मी हिंदुओं के जीवन में वह क्षण आया है जब हम सभी के आराध्य मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की जन्मस्थली व राजधानी अयोध्या जी पूरे वैभव के साथ विश्व के मानचित्र पर सदियों बाद पुनः प्रकट हुई है। इस अवसर पर कंवर सिंह, सुल्तान सिंह, जसबीर सिंह, नरेश कुमार सरपंच प्रतिनिधि कौल, चमेल सिंह पूर्व अध्यक्ष, बलबीर सिंह टयोंठा, करण सिंह, मलखान सिंह कौल आदि उपस्थित थे।



**ढांड।** बाबू अनंत राम जनता कालेज कौल में श्रीराम को पुष्पार्पित करते समाज के लोग



### बाबा खाटू श्याम परिवार की ओर से लगाया भंडारा

**सीवन।** भगवान श्री राम मन्दिर में हुए प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर नगर के मुख्य बाजार में बाबा खाटू श्याम परिवार की ओर से विशाल भंडारा आयोजित किया गया। बाबा खाटू श्याम परिवार के प्रधान संजय कंसल ने बताया कि सुबह के समय पूजा अर्चना की और भगवान श्री राम को भोग लगाया गया। उसके पश्चात आरती की गई और चाय व ब्रेड का भंडारा लगाया गया। इसके पश्चात कढ़ी चावल का विशाल भंडारा लगाया गया जिसमें क्षेत्र के लोगों ने प्रभु का प्रसाद ग्रहण किया। नगर में निकलने वाली शोभा यात्रा का भी उन्होंने स्वागत किया और राम भक्तों को प्रसाद ग्रहण करवाया। इस अवसर पर सेवा करने वालों में मनोज गिरधर, भीषू चौधरी, नीरज कंसल, चिमन लाल गर्ग, जितेन्द्र शर्मा, गोलू तनेजा, संजू पंसारी, मांगे राम शर्मा व अन्य शामिल रहे। इसी कड़ी में संदीप सैनी, गुलाब सैनी, तरसेम सैनी की ओर से बाजार में भंडारे का आयोजन किया गया।

# साइबर ठगों से सावधान रहे: एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

साइबर अपराधी भिन्न तरीके अपनाकर आमजन के साथ साइबर ठगी कर रहे है। एसपी उपासना के आदेशानुसार जिला पुलिस द्वारा लगातार आमजन को साइबर अपराधो से बचने हेतु जागरूक किया जा रहा है। जो इसी तहत साइबर अपराध के एक तरीके बारे कैथल पुलिस द्वारा एडवाइजरी जारी की गई है। एसपी उपासना ने बताया कि वर्तमान समय में फर्जी लोन एप के माध्यम से आसान तरीके से कर्ज मिलने के चक्कर में लोग अपनी जान गवां रहे है।



एसपी उपासना

### साइबर अपराधियों से कैसे बचें

1.सबसे पहले तो लोन देने वाले ऐप या कंपनी के बारे में ये जांच करें कि क्या वह आरबीआई की अनुमति से लोन दे रही है या नही।
2.कोई लोन ऐप किसी बैंक या एनबीएफसी के नाम पर कर्ज बांटने का दावा करता है तो उसे भी संबंधित बैंक या एनबीएफसी से क्रॉस चेक जरूर करें।
3.ऐप आपको जो भी लोन दे रहा है उसकी ब्याज दरें पहले से निर्धारित करा लें और उसका एक एग्रीमेंट भी करा लें, ताकि बाद में आपसे ज्यादा ब्याज की वसूली न हो सके।
4.अगर आपको कोई लोन ऐप चुकाई जाने वाली किस्त, भुगतान की अवधि और भुगतान के तरीके के बारे में पहले से ही स्पष्ट रूप से जानकारी नहीं देती तो ऐसे लोन ऐप से दूर रहने में ही भलाई है।
5.ऐप से लोन लेने से पहले ब्याज दर को लेकर चीजें स्पष्ट की जानी बहुत जरूरी हैं अगर कोई ऐप कह रहा कि वह 4 फीसदी ब्याज पर कर्ज देगा तो यह जरूर पूछें कि ब्याज मासिक लगेगा या सालाना, कुछ ऐप दावा करते हैं कि 4 फीसदी ब्याज पर कर्ज देंगे और बाद में पता चलता है कि ये दर मासिक थी, इस तरह आप पर सालाना 48 फीसदी ब्याज का बोझ आ सकता है।
6.ऐसे लोन ऐप जो प्रोसेसिंग शुल्क के नाम पर ज्यादा पैसे मांगते हो या प्री-पेमेंट अथवा प्री-क्लोजर फीस ज्यादा मांगते हैं, उन पर यकीन न करें।
7.अगर कोई ऐप आपको बैंक खाते की जानकारी, डेबिट-क्रेडिट कार्ड का पिन अथवा ऐसी ही अन्य पर्सनल जानकारियां मांगता है तो उससे भी सावधान रहें।
8.जिस ऐप से आप लोन के लिए अप्लाई कर रहे हैं, उसकी रेटिंग और रिव्यू को भी जरूर देखें।

## आमजन को नशा न करने बारे किया जागरूक

# नशे के प्रति पुलिस का जागरूकता अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

- सेमिनार, गोष्ठियों तथा खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

पुलिस की जागरूकता टीम में शामिल इंस्पेक्टर सतीश कुमार, पीएसआई रामलाल, एचसी सुखबीर सिंह, एचसी सुनील कुमार व चालक संजय दत्त की टीम द्वारा गांव जनेतपुर व प्रभोत में आमजन को नशा न करने बारे जागरूक किया गया। डीएसपी कुलदीप बेनीवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस मुहिम के तहत युवाओं तथा आम लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करने के लिए लगातार सेमिनार, गोष्ठियों तथा खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। यह जागरूकता पुलिस टीम द्वारा गांव गांव जाकर बता रही है कि कैसे नशे ने घर बर्बाद किए है। नशा किसी भी व्यक्ति के लिए किसी प्रकार से हितकारी नहीं हो सकता। नशा करने वाले व्यक्ति को समाज हीनता की दृष्टि से देखता है। नशा करने से केवल नशा करने वाला व्यक्ति प्रभावित नहीं होता बल्कि इसके साथ साथ पूरा परिवार बर्बाद हो जाता है। इसलिए किसी को किसी प्रकार के नशे की लत में नहीं पड़ना चाहिए। विद्यार्थी वर्ग को पढाई व खेलों में ध्यान लगाकर मेहनत करके राष्ट्र निर्माण में योगदान करना चाहिए। पुलिस विभाग द्वारा नशा करना वाले व्यक्तियों की भी काउंसलिंग करवाई जा रही है। पुलिस द्वारा उनका नशे छुड़वाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। आमजन को बताया जा रहा है कि पुलिस लगातार नशा तस्करों पर शिकंजा कस रही है। इसके लिए आमजन निःसंकोच नशा तस्करों की सूचना पुलिस को दें। सूचना देने वाला का नाम गुप्त रखा जाएगा।



**कैथल।** जनेतपुर के लोगों को नशा न करने बारे जागरूक करती पुलिस की टीम।

# सूर्य देवता ने पांच दिन बाद दिए दर्शन तो मिली कड़कड़ाती ठंड से राहत, लोगों ने खुले में आकर खिली धूप का लिया आनंद

**अधिकतम दो डिग्री और न्यूनतम तीन डिग्री की हुई तापमान में बढ़ोत्तरी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

आखिरकार पांच दिन बाद सूर्य देवता ने दर्शन दिए और लोगों को कुछ हद तक ठंड से राहत की। धूप निकलने के बाद लोग अपने कमरों से बाहर निकल खुले व छतों में आ गए और गुनगुनी धूप का आनंद उठाया।

सूर्य देवता की तपिश से अधिकतम तापमान में दो डिग्री का इजाफा हुआ तो न्यूनतम तापमान में भी दो डिग्री की वृद्धि हुई। सोमवार को अधिकतम तापमान 14 डिग्री से बढ़ कर 16 डिग्री पर पहुंच गया जबकि न्यूनतम तापमान तीन डिग्री से बढ़ कर 5.8 डिग्री पहुंच गया। मौसम में आद्रता 65 प्रतिशत तथा हवा कि गति मात्र तीन किलोमीटर प्रति घंटा रही। मौसम विभाग के अनुसार आगे मौसम परिवर्तनशील रहने की संभावना है।

### ठंड से मिली निजात

नववर्ष से लगातार कडाके की ठंड पड़ रही है। यहां तक की शीत लहर भी लगातार चल रही है और सूर्य देवता ने दर्शन भी नही दे रहे हैं।

कडाके की ठंड के कारण जनजीवन अस्त व्यस्त हो चुका है। सोमवार को दिन का आंशिक रूप से छाए बादलों के साथ हुआ। लगभग 11 बजे सूर्य देवता ने दर्शन दिए तो मौसम साफ हो गया और धूप खिल उठी। जिसने लोगों को ठंड से काफी हद तक राहत दी।

### तापमान में और होगा इजाफा, बादलवाई भी देखने को मिलेगी

सोमवार को खिली धूप से कडाके की ठंड से कुछ राहत मिली। कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को सलाह दी है कि वे ठंड को देखते हुए फसलों की शाम को सिंचाई करें। पांडू पिंडारा कृषि विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि आंशिक रूप से पश्चिम विक्षोभ के असर के चलते सूर्य देवता दिखाई दिए हैं। बादलवाई के साथ धूप भी खिलेगी। जिसके साथ अधिकतम तथा न्यूनतम तापमान में इजाफा होगा। उन्होंने किसानों को सलाह दी कि खेतों में शाम के समय सिंचाई करें। आगे मौसम के शुष्क तथा परिवर्तनशील बने रहने की संभावना है।



जींद। खेत में गोभी की फसल दिखाते हुए।

### नवजात शिशुओं का रखें विशेष ध्यान : डा. भोला

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कहा कि ठंड से प्रभावित मरीज लगातार उपचार के लिए आ रहे हैं। इस समय छोटे बच्चों में खांसी, जुखाम, वायरल, उल्टी-दस्त और निमोनिया की शिकायतें 'यादा आ रही हैं। उन्होंने बच्चों को ठंड से बचाने के लिए कहा कि नवजात शिशुओं को मां अपना दूध पिलाएं। यदि महिला बाहर से आई है, तो कुछ समय रुकने के बाद ही दूध पिलाए ताकि उसका तापमान सामान्य हो जाए। बच्चों को गर्म कपड़े पहनाएं। सुबह व देर शाम बच्चों को घर से बाहर न निकालें।

## खबर संक्षेप

### साइबर अपराध से बचाव का दिया प्रशिक्षण

**कैथल।** पुलिस द्वारा जहां पर लोगों को साइबर सुरक्षा बारे जागरूक किया जा रहा है, वहीं पर साइबर अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए पुलिसकर्मियों को साइबर अपराध प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी तहत सोमवार को पुलिस लाइन में साइबर अपराध प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई।

### श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर किया यज्ञ

**पूंडरी।** गांव फतेहपुर में श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा मुहूर्त को ओर यादगार बनाने के लिए इसी समय बेटी की लग्न पत्रिका लिखी और यज्ञ में आहुतियां डाली। फतेहपुर के सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के सदस्य कंवरजीत वालिया ने अपने परिवार और कुटुंब के साथ जिस समय अयोध्या में श्री रामलला के मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई, उसी समय परिवार की बेटी की लग्न पत्रिका भी लिखवाई और श्रीरामलला की खुशी में यज्ञ में आहुतियां डाली।

### डॉ. तेजिंद्र और दिलबाग भिवानी में हुए सम्मानित

**कैथल।** साहित्य सभा कैथल के डॉ. तेजिंद्र और दिलबाग अकेला को भिवानी की साहित्यिक संस्था आनन्द कला मंच द्वारा लोक साहित्यकार श्री जयलाल दास की 92 वीं जयंती पर आयोजित सम्मान-समारोह में सम्मानित किया गया। डॉ. तेजिंद्र को मेजर शमशेर सिंह एडवोकेट लघुकविता गौरव सम्मान-2024 से तथा दिलबाग अकेला को शकुंतला देवी स्मृति सम्मान-2024 से सम्मानित किया।

### जो सपना देखा था आज हुआ पूरा : डॉ. रणपाल

**जींद।** अयोध्या में श्रीराम मंदिर के गर्भगृह में श्री रामलला मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा पर सीआरएस विश्वविद्यालय में सोमवार को श्री रामोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों के अंतर्गत प्रातःकाल यज्ञ, श्रीराम भक्ति भजनों तथा अयोध्या से लाइव टेलीकास्ट किया गया।

### बच्चों व महिलाओं को खिलाई जाएगी एल्बेंडाजॉल

**जींद।** राष्ट्रीय कृ मि मुक्ति दिवस की तैयारियों को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने डीसी मोहम्मद इमरान रजा की अध्यक्षता में बैठक की। इसका उद्देश्य शिक्षा, स्वास्थ्यए महिला एवं बाल विकास के साथ-साथ अन्य संबंधित विभागों के जिला एवं खंड स्तर के अधिकारियों को राष्ट्रीय कृ मि मुक्ति दिवस के बारे में जानकारी दी। इस बार जिले में एक से 19 वर्ष तक की आयु के 480783 बच्चों को व 19 से 24 साल की 36800 महिलाओं को यह दवाई खिलाई जाएगी।

### जगतानंद महाराज ने शुरू किया अनशन

**जींद।** धड़ौली गोशाला में बने हडवारे को बंद करवाने व गोशाला कमेटी को भंग करवाने की मांग को लेकर सोमवार को लघु सचिवालय के बाहर गोभक्तों ने धरना शुरू कर दिया। धरने की अध्यक्षता जगतानंद महाराज ने की। जगतानंद महाराज ने कहा कि गोमाता के लिए भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के साथ राम राज्य के लिए उन्होंने आमरण अनशन शुरू किया है। सुमित लाठर ने बताया कि जब तक सरकार गौचरण भूमि व गाय को राष्ट्र माता का दर्जा देने की घोषणा नहीं करती, तब तक उनका लघु सचिवालय के बाहर अनशन जारी है।

## स्वच्छता रैंकिंग में पिछड़ने के बाद सख्ती से निपटने की कवायद

# सफाई व्यवस्था पर तीसरी आंख से नजर रखेगी नगर परिषद

**खुले में कूड़ा डालने वालों की पहचान कर भेजा जाएगा नोटिस अवहेलना करने पर जुर्माना वसूलने के साथ कार्रवाई भी होगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

शहर को स्वच्छ रखने के लिए नगर परिषद अब तीसरी आंख से सफाई व्यवस्था पर नजर रखेगी। उन लोगों पर भी शिकजा कसा जाएगा जो चौक चौराहों पर बनाए गए प्वायंटों पर रखे डस्टबीन की बजाय उसके पास कूडा डाल कर चले जाते हैं। जिससे वहां पर कूडा के ढेर लग जाते ओर शहर के सौंदय को तो ग्रहण लगता है ओर आबोहवा खराब होती है। वहां पर लावारिस पशुओं का भी जमावडा लग जाता है। कूड़े के ढेर लगने के कारण वहां रहने वाले लोगों तथा राहगीरो को भी परेशानी का सामना करना पडता है। खुले में कूडा डालने वालों पर सीसी टीवी कैमरों से नजर रख कर उनको नोटिस भेजा जाएगा। जिसमें जुर्माने के साथ साथ कार्रवाई का भी प्रावधान है। शहर में कई स्थानों पर कूडा प्वायंट नप द्वारा बनाए गए हैं। जहां पर कूडा डालने के लिए बडे-बडे. डस्टबीन रखे गए हैं। आसपास इलाका के लोग दुकानों तथा मकानों से निकले कूडे का वहां रखे डस्टबीन की बजाय उसके पास डाल कर चले जाते हैं। जिससे उसके आस पास खुले मे कूडे.का ढेर लग जाता है। अब नगर परिषद ने उन प्वायटो के आसपास लगे सीसी टीवी कैमरे लगे प्रतिष्ठानों से संपर्क साधा है। उन कैमरों के दायरे में उन प्वायंटों को ला दिया है। जहां पर कूडा के लिए डस्टबीन होने के बाद भी लोग उसके पास कूडा डाल कर चले जाते हैं। सीसी टीवी कैमरे के माध्यम से खुले मे कूडा डालने वालों तक नप के कर्मी पहुंचेंगें ओर उन्हें नोटिस थमाया जाएगा। जिसमे जुर्माने तथा कार्रवाई का भी प्रावधान है।



जींद। खुले में कचरा फेंकते हुए व्यक्ति। फोटो : हरिभूमि

### डस्टबिन के बजाय खुले में डाल रहे कूड़ा

शहर में लोग कूडा के लिए डस्टबीन रखने की बजाय, अपने घरों तथा दुकानों मे सफाई के बाद निकले कूडे को आसपास खाली पडे.स्थान पर डाल रहे है। जबकि कूडे को लेने के लिए गाडिया वहां से गुजरती है। फिर आस पास प्वायंट भी बनाए गए हैं। वहां पर डस्टबीन भी रखे गए हैं। लोग उनमे कूडा डालने की बजाय खुले मे डाल चले जाते है। वहा पर लावारिस शुओ का जमावडा भी लग जाता है। कूड़े से उठने वाली बदबू से आसपास के लाग भी परेशान रहे है। अगर लोग अपने घरों तथा दुकानों से निकले कूडे को अपने डस्टबीन मे रख कर कूडा कलैक्षन गाडी मे डाल दें तो बडी समस्या का समाधान हो सकता है।

### स्वच्छता रैंकिंग में 312वें स्थान पर, गंदगी के लिए लोग खुद भी जिम्मेदार

शहर को साफ रखना अकेला संस्था या सफाई कर्मियो का ही काम नही है। स्वच्छता, साफ सफाई रखने तथा बिगाडने मे लोगो की अहम भूमिका होती है। शहरों में स्वच्छता तथा साफ सफाई को प्रोत्साहन देने के लिए देश में स्वेच्छा का सर्वे वर्ष 2016 मे शुरू किया गया था। शुरूआती दौर में इस कार्य अच्छा हुआ बाद मे उसी ढर्रे पर लौट आए। वर्ष 2018 मे जींद की देश में रेंकिंग 272 थी, 2019 में सुधार होकर 223 पर आ गया। 2020 में रैंकिंग सुधर कर 168 पर आ गई। 2021 में फिर से रैंकिंग में 195 पर जा पहुंची। 2023 में रैंकिंग गिर कर 223 पर पहुंच गई। अब स्वच्छता रैंकिंग में 312वें पायदान पर आ गए। यही हालात प्रदेश रैंकिंग में रहा जहां पर 17 वे पायदान पर खडे हैं।

### खुले में कूड़ा डालने वालों पर रखी जा रही कड़ी नजर : अनिल नैन

नगर परिषद के सैनेट्री इंसपेक्टर अनिल नैन ने बताया कि खुले में कूडा डालने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा। लोग अपने घरों की तरफ शहर को भी साफ रखें। कूडा के लिए डस्टबीन का प्रयोग करें। कूडा कलेक्शन प्वायंटों पर भी सीसी टीवी कैमरो की मदद से निगरानी बढा दी है। कूड़े को डस्टबीन में डालने की बजाय खुले डालने वालो की पहचान कर उसे नोटिस देने के साथ जुर्माना भी वसूला जाएगा। उन्होंने लोगो से अपील की कि वे कूडे के लिए डस्टबीन का प्रयोग करें। खुले में कूडा न डालें।

### गरीब का साथ देने वाले के साथ हमेशा रहते हैं भगवान : रुद्राक्ष मिड्ढा



**जींद।** युवा भाजपा नेता व समाजसेवी रुद्राक्ष मिड्ढा ने अपना जन्मदिन अनूठे तरीके से मनाया। उन्होंने जयंती देवी मंदिर के पास अपना रोटी रथ पर आर्थिक रुप से कमजोर, गरीब बच्चों के बीच अपना जन्मदिन मनाया। रुद्राक्ष मिड्ढा बच्चों के बीच अपनी इस खुशी को बांटने के लिए पहुंचे थे और बच्चों के साथ केक काटकर व सर्दी के मौसम को देखते हुए जरुरतमंद परिवारों को गद्दे वितरित करके अपना जन्मदिन मनाया। रुद्राक्ष मिड्ढा ने कहा कि मेरा सोभाग्य है कि आज श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या में श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा का शुभ अवसर भी है और आज के दिन मेरा जन्मदिन है। अपने दादा ब्रह्मलीन डा. हरिचंद मिड्ढा के पद्मचिन्ह पर चलते हुए उन्होंने गरीब बच्चों व परिवारों के साथ अपना जन्मदिन मनाया है। अपनी खुशी को गरीबों और जरुरतमंद लोगों के बीच जाकर बांटने से आत्मीय संतुष्टी का सुखद आभास होता है।



### विकास कार्यों में धन की कमी नहीं आएगी आड़े : सैनी

**कैथल।** राजौंद जींद रोड पर श्री रविदास आश्रम में सांसद नायब सैनी व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा का सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समाज के लोगों ने फूल मालाओं के साथ राज्य मंत्री व सांसद नायब सैनी का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान राज्य मंत्री ने समाज के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वह जो मांग रखेंगे वह पूरी की जाएगी। उन्होंने रविदास आश्रम के लिए 15 लाख रुपए देने की घोषणा की। सांसद नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्य मंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में देश व प्रदेश पूरी प्रगति पर हैं। हर गरीब व्यक्ति तक योजना का लाभ पहुंचाने के लिए किसी को भी योजनाओं से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। इसके लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है ताकि हर जरूरतमंद तक योजनाओं का लाभ पहुंचें। पंक्ति में खड़े हर अंतिम व्यक्ति तक योजना का लाभ पहुंचाना है। आने वाले चुनाव में देश व प्रदेश में फिर से भाजपा सरकार पूरे बहुमत के साथ बनेगी इसलिए आप पूरा सहयोग करें। राज्य मंत्री द्वारा करोड़ों रुपए की लागत से बनने वाले वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का शिलान्यास किया व नगर पालिका परिसर में लाखों रुपए की लागत तैयार हुई गलियों व अन्य विकास कार्यों का उद्घाटन किया।

### भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा पर कौल में बांटे 2 क्विंटल देशी घी के लड्डू

**ढांड।** अयोध्या में प्रभु श्री राम मंदिर में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा की खुशी में श्री श्याम परिवार सेवा समिति कौल द्वारा शुद्ध घी के 2 क्विंटल लडडूयों का प्रसाद ग्रामीण श्रद्धालुओं में वितरण किया गया। इस अभियान की शुरूआत श्री श्याम परिवार कौल के सदस्यों ने की। भगवान राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की खुशी में समिति द्वारा पूरे गांव में लड्डुओ का वितरण किया गया है। कर्ण सिंह ने बताया कि भगवान राम की ह्यप्राण प्रतिष्ठाह्लका कार्यक्रम देखना ऐतिहासिक गर्व की बात है। मौनू गर्ग ने बताया कि सारा देश राम रंग में सराबोर है, सारे देश में खुशियां मनाई जा रही हैं, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देश फिर से दिवाली मना रहा है।



### कॉलेज के स्थान पर प्लांट बनाने का किया विरोध

**राजौंद।** नगर के असंध रोड पर वॉटर ट्रीटमेंट का शिलान्यास रविवार को राज्य मंत्री कमलेश ढांडा व सांसद नायब सैनी द्वारा किया गया था। जिसे लेकर सोमवार को नगर के लोग वहां एकत्रित हुए उन्होंने इसका जमकर विरोध किया। लोगों ने कहा कि यहां ट्रीटमेंट प्लांट बनाना ठीक नहीं है। यहां लड़कियों के लिए कॉलेज बनाया जाए। क्योंकि पिछले लंबे समय से यहां लड़कियों के कॉलेज की मांग कर रहे हैं जबकि यहां ट्रीटमेंट प्लांट बनाना उचित नही होगा। अगर हमारी मांग को नहीं माना गया तो वह यहां टेंट लगाकर अनिश्चितकालीन धरना देने को मजबूर होंगे। विरोध करने वाले नागरीक राकेश राणा, जयपाल राणा, बंटी शर्मा, नरेंद्र प्रजापति, सतनाम सिंह, पवन पहलवान, प्रदीप शर्मा, ईश्वर राणा, शिवदयाल कश्यप, सोनू राणा, सोनू मित्तल, धर्मवीर राणा, पूर्व पार्षद सुल्तान, सतनाम सिह, विनोद भट्ट ने कहां की अगर यहां ट्रीटमेंट प्लांट कैंसिल नहीं होता, तो अनिश्चितकालीन धरना देंगे और जब तक उनकी मांग नहीं मानी जाती वह धरना यहां जारी रखेंगे।

## खटकड़ टोल पर चालकों का धरना 16वें दिन भी जारी

- 26 जनवरी को अपने वाहनों सहित ट्रैक्टर परेड में शामिल होंगे चालक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हिट एंड रन संशोधन बिल को तुरंत प्रभाव से रद्द किए जाने की मांग को लेकर खटकड़ टोल प्लाजा पर चालक व मालिक एकता मंच के आह्वान पर दिया जा रहा धरना सोमवार को 16वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता टैक्सी यूनियन जींद के प्रधान नरेंद्र खर्ब ने की। धरने को मजदूर संगठन सीटू के जिला सचिव कपूर सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की मोदी सरकार लगातार जन विरोधी कानून पास कर रही है, संविधान व संवैधानिक संस्थाओं पर हमले जारी हैं। कभी किसानों पर कभी मजदूरों पर कभी कर्मचारियों पर, कभी छात्रों व नौजवानों तथा महिलाओं पर लगातार हमले जारी हैं। भाजपा सरकार ने अब ड्राइवर तक को नहीं बख्शा और उनके खिलाफ भी काले कानून लेकर आ गई। ऐसा काला कानून कि किसी भी प्रकार की दुर्घटना होने पर ड्राइवर को व्यक्तिगत तौर पर 10 साल की सजा सात लाख रुपये का जुर्माने का काला कानून मोदी सरकार लेकर आई है। जिसको लेकर ड्राइवर व मालिकों में सरकार के प्रति भारी रोष है और इसके विरोध में एक जनवरी से लगातार आंदोलनरत हैं लेकिन सरकार लगातार आंदोलन की अनदेखी कर रही है। जींद चालक व मालिक एकता मंच के संयोजक नरेंद्र बवाना ने बताया कि 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर संयुक्त किसान मोर्चा व ट्रेड यूनियनों मोर्चा के संयुक्त आह्वान पर होने वाले ट्रैक्टर व व्हीकल परेड में ड्राइवर समाज भी अपने विभिन्न तरह के व्हीकल लेकर अपनी मांग मुद्दों को शामिल होगा। उन्होंने मांग की कि हिट एंड रन संशोधन बिल को तुरंत रद्द किया जाए। देश के 22 करोड़ चालकों को न्याय दिलाने के लिए राष्ट्रीय चालक आयोग प्रदेश चालक आयोग का गठन किया जाए। राष्ट्रभर में प्रतिवर्ष एक सितंबर को राष्ट्रीय चालक दिवस घोषित किया जाए।



जींद। धरने पर बैठे चालक। फोटो : हरिभूमि

## सैनी सामाजिक एवं शिक्षा समिति का चुनाव 28 को

**कैथल।** सैनी सामाजिक एवं शिक्षा समिति का चुनाव 28 जनवरी को होगा। चुनाव को लेकर संस्था के पूर्व में प्रधान रहे समाजसेवी बीरभान सैनी को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। वहीं आब्जर्वर के तौर पर जोगध्यान सैनी, करतार सैनी व पूर्व पार्षद जोगेंद्र सैनी को नियुक्त किया गया है। चुनाव में 877 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। चुनाव अधिकारी बीरभान सैनी ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस संस्था का गठन 1977 में हुआ था। 46 साल पहले जब संस्था का गठन हुआ था तो उस समय 30 सदस्य थे। संस्था ने प्राइमरी विंग से स्कूल की स्थापना की थी, आज 12वीं तक स्कूल चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि तीन साल के लिए यह चुनाव होता है। 31 जनवरी 2024 को कार्यकाल वर्तमान समिति का पूरा हो रहा है। इससे पहले 28 जनवरी दिन रविवार को चुनाव होगा। 877 मतदाता इस चुनाव में अपने मत का प्रयोग करें। सैनी सीनियर सेकेंडरी स्कूल को मतदान केंद्र बनाया गया है। तीन बूथ चुनाव में होंगे। बीरभान सैनी ने बताया कि कैथल शहर में चंदाना गेट, अमरगढ़. गामड़ी, बिशनगढ़ गामड़ी, गांधी नगर सहित शहर की अन्य कालोनियों व कई गांव से भी समाज के लोग इस संस्था से जुड़े हुए है जो चुनाव में अपने मत का प्रयोग करेंगे। उन्होंने बताया कि चुनाव को शांति पूर्वक तरीके से सम्पन्न करवाया जाएगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

**जिले में पूरे उत्साह के साथ मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस समारोह**

# गणतंत्र दिवस की तैयारियों में जुटे विद्यार्थी, की रिहर्सल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

उपमंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर नगर के रामलीला मैदान में स्कूली बच्चों ने रिहर्सल की। बच्चों ने अनेक प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा पीटी व डंबल की रिहर्सल की। एसडीएम मनीष फोगाट ने बताया कि 26 जनवरी को आयोजित होने वाले उपमंडल स्तरीय कार्यक्रम में सोनीपत से सांसद रमेश कौशिक तिरंगा फहराकर परेड की सलामी लेंगे। एसडीएम ने बताया कि सफीदों में गणतंत्र दिवस समारोह के सुचारू संचालन के लिए पहले ही विभिन्न विभागों को जिम्मेदारियां सौंपी गई है ताकि सभी आवश्यक प्रबंध समय पर किए जा सके। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम स्थल पर सफाई, सजावट, सुरक्षा, पार्किंग, वैकल्पिक यातायात व्यवस्था, चिकित्सा टीमों की तैनाती, निर्बाध बिजली, आपूर्ति आदि की समुचित व्यवस्था की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी और स्काउट की टुकड़ियों द्वारा शानदार मार्च पास्ट किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के विद्यार्थी सांस्कृतिक, डंबल, लेजियम आदि मौजूद रहे।



सफीदों। पीटी व डंबल की रिहर्सल करते हुए स्कूली बच्चे। फोटो : हरिभूमि



सफीदों। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देते हुए बच्चे। फोटो : हरिभूमि